**A**

**Series**

# QUESTION BOOKLET
## प्रश्न-पुस्तिका

**Sr. No.**

Roll No. (in Figures) रोल नं. (अंकों में) : ____________________

Roll No. (in Words) रोल नं. (शब्दों में) : ____________________

**समय : 2 घण्टे** | **छंटनी परीक्षा** | **अधिकतम अंक : 85**

**Time : 2 Hours** | **Screening Test** | **Maximum Marks : 85**

**PLEASE READ THIS PAGE CAREFULLY.**

**Note :** Candidate should remove the sticker seal and open this Booklet **ONLY** after announcement by centre superintendent and should thereafter check and ensure that this Booklet contains all the **16 pages** and tally with the same Code No. given at top of first page & the bottom of each & every page. If you find any defect, variation, torn or unprinted page, please have it replaced at once before you start answering.

**IMPORTANT INSTRUCTIONS :**

1. The Answer sheet of a candidate who does not write his Roll No., or writes an incorrect Roll No. on the title page of the Booklet and in the space provided on the Answer sheet will neither be evaluated nor his result declared.
2. The paper contains **170** questions.
3. Attempt all questions as there will be no Negative Marking.
4. The questions are of objective type. Here is an example. Question : 8 Taj Mahal was built by_____
   (A) Sher Shah (B) Aurangzeb
   (C) Akbar (D) Shah Jahan
   The correct answer of this question is Shah Jahan. You will therefore darken the circle with ink pen below column (D) as shown below :
   A B C D
   Q.8 ○ ○ ○ ●
5. Each question has only one correct answer. If you give more than one answer, it will be considered wrong and it will not be evaluated. **Changing, cutting, overwriting and erasing of an answer will be treated as wrong answer.**
6. The space for rough work wherever provided may be utilized by the candidate. You are not to use any portion of the Answer Sheet for rough work.
7. Do not mutilate this booklet in any manner. Serious damage/mutilation may entail disqualification.
8. Do not leave your seat until the Answer Sheets have been collected at the close of the examination.
9. Candidate will not leave the examination room till stipulated time is over and only after he has handed over the Answer Sheet to the staff on duty.

**कृपया इस पृष्ठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

**नोट** : प्रत्याशी केवल केन्द्र संचालक द्वारा घोषणा पर ही स्टीकर सील हटा कर इस पुस्तिका को खोलें और जाँच कर लें और सुनिश्चित कर लें कि इसमें **16 पृष्ठ** हैं और सभी पृष्ठों के नीचे दिये गये कोड नम्बर पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर से मिला लें । यदि कोई त्रुटि पायें तो उत्तर देने से पहले तुरन्त इसे बदल लें ।

**महत्त्वपूर्ण निर्देश** :

1. जो प्रत्याशी अपनी पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ एवं उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थान पर अपना रोल नं. नहीं लिखेगा या गलत लिखेगा उसकी उत्तर पुस्तिका की न तो जाँच की जायेगी और न ही उसका परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा ।
2. प्रश्न पुस्तिका में **170** प्रश्न हैं ।
3. सभी प्रश्न हल करें क्योंकि नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।
4. प्रश्न उद्देश्य पूरक है । उदाहरण के तौर पर
   प्रश्न : 8 ताज महल का निर्माण _____ ने करवाया था ।
   (A) शेरशाह (B) औरंगजेब
   (C) अकबर (D) शाहजहाँ
   इस प्रश्न का सही उत्तर है शाहजहाँ । इसलिये आप उत्तर पुस्तिका के कॉलम (D) के नीचे प्रश्न 8 के सामने दिये गये खाली वृत्त को स्याही वाले पेन से पूरा भर देंगे, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है ।
   A B C D
   Q.8 ○ ○ ○ ●
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक सही उत्तर है । यदि आप एक से अधिक उत्तर देंगे, तो यह गलत समझा जायेगा और उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।
   **(बदलने, काटने, दोबारा लिखने या मिटाने से उत्तर को गलत समझा जायेगा)**
6. जहाँ कहीं भी जगह दी गई हो उसे ही रफ कार्य के लिये प्रयोग करें । आपको उत्तर पुस्तिका के किसी भी भाग को रफ कार्य के लिये उपयोग नहीं करना है ।
7. किसी भी तरह से पुस्तिका को खराब न करें । गम्भीर रूप से नष्ट/खराब पुस्तिका के कारण आपको अयोग्य घोषित किया जा सकता है ।
8. अपने स्थान को तब तक न छोड़ें जब तक उत्तर-पुस्तिका को परीक्षा समाप्त होने पर इकट्ठा नहीं कर लिया जाता ।
9. प्रत्याशी तब तक परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेगा या बाहर नहीं जायेगा जब तक कि परीक्षा समय समाप्त नहीं हो जाता और वह अपनी उत्तर-पुस्तिका परीक्षा में तैनात स्टॉफ को नहीं दे देता ।



https://snowstudy.in

Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान

Snow Study Himachal



https://snowstudy.in

## QUESTION BOOKLET

This question paper contains **170** questions. / इस प्रश्न पत्र में **170** प्रश्न हैं ।
**All** questions are compulsory. / **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।
One question carries **half** mark only. / एक प्रश्न के लिए केवल **आधा** अंक है ।
Maximum Marks : **85** — अधिकतम अंक : **85**
Time : **2** Hours — समय : **2** घण्टे

**1.** महर्षि व्यास ने अपने किस शिष्य को ऋग्वेद का ज्ञान दिया था ?
(A) वैशम्पायन (B) जैमिनी (C) सुमन्तु (D) पैल

**2.** 'शाकल' शाखा का सम्बन्ध किस वेद से है ?
(A) यजुर्वेद (B) सामवेद (C) अथर्ववेद (D) इनमें से कोई नहीं

**3.** 'वाजस्नेयी संहिता' किस वेद का दूसरा नाम है ?
(A) ऋग्वेद (B) शुक्ल यजुर्वेद (C) सामवेद (D) अथर्ववेद

**4.** "माध्यन्दिन" शाखा का सम्बन्ध किस वेद से है ?
(A) अथर्ववेद (B) सामवेद (C) ऋग्वेद (D) शुक्ल यजुर्वेद

**5.** "तेन त्यक्तेन भुंजीथाः" वाक्यांश का सम्बन्ध किस उपनिषद् ग्रन्थ से है ?
(A) ईशावास्योपनिषद् (B) केनोपनिषद्
(C) तैत्तिरीयोपनिषद् (D) मुण्डकोपनिषद्

**6.** यज्ञ में होने वाली संभावित भूलों का परिमार्जन किस ऋत्विज का दायित्व होता है ?
(A) अध्वर्यु (B) उद्गाता (C) होता (D) ब्रह्मा

**7.** वैश्म्पायन ने क्रुद्ध होकर अपने किस शिष्य को स्वप्रदत्त ज्ञान वापस करने का आदेश दिया था ?
(A) शौनक (B) याज्ञवल्क्य (C) श्वेतकेतु (D) इनमें से कोई नहीं

**8.** 'राणायणीय' शाखा किस वेद से सम्बन्ध रखती है ?
(A) सामवेद (B) अथर्ववेद (C) ऋग्वेद (D) यजुर्वेद

**9.** वेद पुरुष का नेत्र किस वेदांग को कहा गया है ?
(A) व्याकरण (B) छन्द (C) निरुक्त (D) ज्योतिष

**10.** वेद में निहित कर्मों को क्रमपूर्वक व्यवस्थित करने वाले सूत्र ग्रन्थ निम्न में से कौन है ?
(A) छन्दसूत्र (B) कल्पसूत्र (C) योगसूत्र (D) ब्रह्मसूत्र

**11.** 'बौधायन श्रौतसूत्र' का सम्बन्ध किस वेद से है ?
(A) ऋग्वेद (B) सामवेद (C) शुक्ल यजुर्वेद (D) कृष्ण यजुर्वेद

**12.** 'उद्गीथ' की व्याख्या करने वाले उपनिषद् ग्रन्थ का क्या नाम है ?
(A) वृहदारण्यकोपनिषद् (B) केनापनिषद्
(C) मुण्डकोपनिषद् (D) छान्दोग्योपनिषद्

**13.** यज्ञवेदी के निर्माण की रीति का वर्णन किन ग्रन्थों में मिलता है ?
(A) गृह्यसूत्र (B) शुल्वसूत्र (C) धर्मसूत्र (D) इनमें से कोई नहीं

**14.** मनुष्य और देवताओं के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले देव कौन हैं ?
(A) वरुण (B) सविता (C) अग्नि (D) इनमें से कोई नहीं



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**15.** वेदों के कठिन शब्दों की व्याख्या करने वाला ग्रन्थ निम्न में से कौन सा है ?
(A) निघण्टु (B) अमर कोष (C) शब्दकल्पद्रुम (D) इनमें से कोई नहीं

**16.** 'सत्यमेव जयते' वाक्यांश का उल्लेख कहाँ मिलता है ?
(A) केनोपनिषद् (B) श्वेताश्वतरोपनिषद्
(C) कठोपनिषद् (D) मुण्डकोपनिषद्

**17.** निम्न में से 'छन्द सूत्र' के प्रणेता कौन हैं ?
(A) केदार भट्ट (B) पिंगल (C) कान्ति चन्द्र (D) इनमें से कोई नहीं

**18.** "एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति" मन्त्रांश का उल्लेख किस वेद में हैं ?
(A) ऋग्वेद (B) अथर्ववेद (C) सामवेद (D) यजुर्वेद

**19.** "माता पृथ्वी पुत्रोऽहं पृथिव्या" कथन किस वेद में मिलता है ?
(A) यजुर्वेद (B) ऋग्वेद (C) अथर्ववेद (D) सामवेद

**20.** देवों के वैद्य किसे कहा गया है ?
(A) चरक (B) सुश्रुत (C) अश्विनी कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**21.** जायते, अस्ति आदि षड् भावविकारों का सिद्धान्त किसने दिया है ?
(A) वार्ष्यायणि् (B) औदुम्बरायण (C) शाकल्य (D) शाकटायन

**22.** इव, नु, किल, अपि आदि क्या कहलाते हैं ?
(A) नाम (B) आख्यात (C) उपसर्ग (D) निपात

**23.** 'ह्रस्वस्याऽवर्णस्य प्रयोगे संवृत्तम्' इस नियम से ह्रस्व 'अ' की प्रयोगावस्था है
(A) कृष्ण (B) कृष्ण३ (C) कृष्ण२ (D) कृष्णः

**24.** 'व' वर्ण है
(A) स्पर्श (B) अन्तःस्थ (C) ऊष्म (D) इनमें से कोई नहीं

**25.** 'ऋषिर्वदति' किस सन्धि का रूप है ?
(A) अच् सन्धि (B) हल् सन्धि (C) विसर्ग सन्धि (D) इनमें से कोई नहीं

**26.** 'वाच्' शब्द का सप्तमी विभक्ति के एकवचन में रूप बनता है
(A) वाच्सु (B) वाक्षु (C) वाचौ (D) इनमें से कोई नहीं

**27.** 'पुत्रमध्यापयेद् भवान' वाक्य में विधिलिंग का विधान किस अर्थ में किया गया है ?
(A) विधि (B) निमंत्रण (C) सम्प्रश्न (D) अधीष्ट

**28.** 'हेतुहेतुमद्भाव' की प्रतीति होने पर किस लकार का प्रयोग होता है ?
(A) लुङ् लकार (B) लुट् लकार (C) लङ् लकार (D) लृङ् लकार

**29.** क्रिया की सिद्धि में प्रकृष्ट रूप से उपकारक कारक को क्या कहते हैं ?
(A) कर्म (B) सम्प्रदान (C) सम्बन्ध (D) करण

**30.** कारकीय नियमानुसार शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(A) स तण्डुलैः ओदनं पचति (B) स तण्डुलानोदनं पचति
(C) स तण्डुलेभ्यः ओदनं पचति (D) स तण्डुलमोदनं पचति

**31.** कारकीय नियमानुसार शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(A) नृपः शत्रवेऽभिक्रुध्यति (B) नृपः शत्रुमभिक्रुध्यति
(C) नृपः शत्रावभिक्रुध्यति (D) इनमें से कोई नहीं



https://snowstudy.in

32. 'उपकुम्भम्' समस्त पद में कौन सा समास है ?
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष (C) बहुब्रीहि (D) द्विगु तत्पुरुष

33. 'पंचपुली' किस समास का समस्त पद है ?
(A) द्वन्द्व (B) अव्ययीभाव (C) अलुक तत्पुरुष (D) द्विगु तत्पुरुष

34. 'चित्रगुः' समस्त पद में समास है
(A) समाहार द्वन्द्व (B) एकशेष द्वन्द्व (C) बहुब्रीहि (D) इनमें से कोई नहीं

35. निम्न में से किन गणों की धातुओं के साथ विकरण का प्रयोग नहीं होता है ?
(A) दिवादि–स्वादि (B) तुदादि–रुधादि (C) अदादि–जुहोत्यादि(D) तनादि–क्रयादि

36. 'दद्वः' दा धातु का यह रूप किस लकार में है ?
(A) लट् (B) लिट् (C) लुट् (D) इनमें से कोई नहीं

37. 'ईजिम' धातु रूप किस धातु से सम्बद्ध है ?
(A) या धातु (B) युज् धातु (C) यज् धातु (D) इनमें से कोई नहीं

38. निम्न में से 'सत्संज्ञक' प्रत्यय है :
(A) क्त–क्तवतु (B) क्त्वा–ल्यप् (C) शतृ–शानच (D) इनमें से कोई नहीं

39. 'सुन सुन कर' 'पढ़ पढ़ कर' इस भाव को प्रकट करने के लिये किस प्रत्यय का प्रयोग होता है ?
(A) ण्वुल् (B) ण्मुल (C) ण्यत् (D) इनमें से कोई नहीं

40. 'त्वदीयः' में किस तद्धित प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?
(A) ईयस् (B) छ (C) य (D) इनमें से कोई नहीं

41. 'कृष्ण इव आचरतीति कृष्णति' में किस नामधातु प्रत्यय का प्रयोग होता है ?
(A) क्यच् (B) क्यङ् (C) क्यष् (D) क्विप्

42. धातु में एकाच् और आदि हल् का होना किस प्रत्यय के लिये आवश्यक हैं ?
(A) णिच् (B) यङ् (C) सन् (D) इनमें से कोई नहीं

43. 'क्रियासमभिहार' किसे कहते हैं ?
(A) क्रिया का एक बार होना (B) क्रिया का बार–बार होना
(C) क्रिया का न होना (D) इनमें से कोई नहीं

44. 'नमयति' रूप है
(A) णिजन्त (B) सनन्त (C) यङ्न्त (D) इनमें से कोई नहीं

45. 'स माम् कथ्यति' का कर्मवाच्य रूप है
(A) तेन माम् कथ्यते (B) तेन अहं कथ्ये (C) मया स कथ्यते (D) तेन अहम् कथ्यते

46. 'पाणिनीय शिक्षा' में स्वरों की संख्या कितनी हैं ?
(A) तेरह (B) सत्रह (C) चौदह (D) इक्कीस

47. 'पाणिनीय शिक्षा' के अनुसार उदात्त स्वरों का उच्चारण करते हुए हाथ कहाँ रखना चाहिए ?
(A) हृदय (B) कर्णमूल (C) सिर (D) सर्वास्य

48. 'मरणमेवापवर्गः' किस दर्शन की मान्यता है ?
(A) मीमांसा (B) योग दर्शन (C) सांख्य दर्शन (D) चार्वाक दर्शन

49. चार आर्य सत्य की अवधारणा किस दर्शन में मिलती है ?
(A) जैन दर्शन (B) बौद्ध दर्शन (C) चार्वाक (D) सांख्य दर्शन



https://snowstudy.in

50. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे ?
(A) महावीर (B) ऋषभदेव (C) अजीतनाथ (D) नेमिनाथ

51. 'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः' किस दर्शन का कथन है ?
(A) न्याय दर्शन (B) वैशेषिक दर्शन (C) वेदान्त (D) सांख्य दर्शन

52. 'यत्रावयवधारा-विश्रान्ति स परमाणु' यह परिभाषा उपलब्ध होती है
(A) सांख्य कारिका (B) योगसूत्र (C) कणादगौतमीयम् (D) वेदान्तसार

53. 'गगनारविन्दं सुरभिः' में कौन सा हेत्वाभास है ?
(A) आश्रयासिद्ध (B) व्याप्यत्वासिद्ध (C) स्वरूपासिद्ध (D) विरुद्ध

54. प्रमाण के द्वारा पदार्थों का निरूपण किस दर्शन में होता है ?
(A) न्याय दर्शन (B) योग दर्शन (C) वैशेषिक दर्शन (D) सांख्य दर्शन

55. पंचावयव वाक्यों की अवतारणा किस दर्शन में हुई है ?
(A) वेदान्त दर्शन (B) योग दर्शन (C) वैशेषिक दर्शन (D) इनमें से कोई नहीं

56. 'दुःखत्रयाभिघाताज्जिज्ञासा' का सम्बन्ध किस दर्शन से है ?
(A) वेदान्त (B) लोकायत (C) सांख्य (D) शैव

57. तीन गुणों की साम्यावस्था क्या कहलाती है ?
(A) स्थितप्रज्ञ (B) पुरुष (C) प्रकृति (D) महत्तत्व

58. योग दर्शन के अनुसार शुक्ति में रजत का ज्ञान क्या कहलाता है ?
(A) विकल्प (B) निद्रा (C) स्मृति (D) विपर्यय

59. किस दर्शन में कर्म की महिमा का प्रतिपादन किया गया है ?
(A) योग दर्शन (B) मीमांसा दर्शन (C) न्याय दर्शन (D) इनमें से कोई नहीं

60. वेदान्तसार के अनुसार तितिक्षा का अर्थ है
(A) शीतोष्णादि द्वन्द्वों को सहन करना (B) जन्म-मरण से मुक्ति
(C) कर्म फल की इच्छा का त्याग (D) मोक्ष की इच्छा

61. "पंचीकरण" का सिद्धान्त किस दर्शन से सम्बन्ध रखता है ?
(A) बौद्ध दर्शन (B) वेदान्त दर्शन (C) न्याय दर्शन (D) जैन दर्शन

62. निम्न में से किसकी गणना अनुबन्ध चतुष्टय में नहीं होती ?
(A) समन्वय (B) प्रयोजन (C) विषय (D) अधिकारी

63. निम्न में से किसकी गणना महापुराणों में नहीं होती है ?
(A) पद्म पुराण (B) ब्रह्म पुराण (C) विष्णु पुराण (D) आदित्य पुराण

64. निम्न में से कौन सा काण्ड रामायण में नहीं है ?
(A) अयोध्या काण्ड (B) अरण्य काण्ड (C) युद्ध काण्ड (D) शबरी काण्ड

65. क्रौंच वध की घटना किस नदी के तट पर हुई थी ?
(A) गंगा (B) गण्डकी (C) यमुना (D) तमसा

66. रामायण के अनुसार दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ में पुरोहित कौन था ?
(A) वसिष्ठ (B) विश्वामित्र (C) भारद्वाज (D) ऋष्यश्रृंग

67. निम्न में से कौन सा पर्व महाभारत में नहीं है ?
(A) शल्य पर्व (B) सौप्तिक पर्व (C) स्त्री पर्व (D) कीचक पर्व



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**68.** पाण्डव पुत्रों के वध की घटना किस पर्व में वर्णित है ?
(A) वन पर्व (B) स्त्री पर्व (C) शल्य पर्व (D) सौप्तिक पर्व

**69.** 'शकुन्तलोपाख्यान' महाभारत के किस पर्व में वर्णित है ?
(A) आदि पर्व (B) शान्ति पर्व (C) सभा पर्व (D) वन पर्व

**70.** महर्षि वाल्मीकि लौकिक संस्कृत में किस छन्द के आविष्कारक माने जाते हैं ?
(A) त्रिष्टुप (B) अनुष्टुप (C) वृहती (D) आर्या

**71.** निम्न में से 'दीपशिखा' की उपाधि से अलंकृत कवि हैं :
(A) कालिदास (B) अश्वघोष (C) श्री हर्ष (D) भट्टि

**72.** 'सौन्दरनन्द' महाकाव्य के रचनाकार हैं
(A) अश्वघोष (B) कल्हण (C) कुमारदास (D) कविराज

**73.** 'विद्वदौषधम्' किस काव्य ग्रन्थ को कहा गया है ?
(A) कुमारसंभवम् (B) भट्टिकाव्यं (C) किरातार्जुनीयम् (D) नैषधीयचरितम्

**74.** किस कवि की वाणी को 'नारिकेलफलसम्मित' कहा गया है ?
(A) बाणभट्ट (B) कालिदास (C) कुमारदास (D) भारवि

**75.** 'हरविजय' महाकाव्य के रचयिता हैं
(A) अमरचन्द्रसूरि (B) बालचन्द्रसूरि (C) हरिचन्द्र (D) रत्नाकर

**76.** किस कवि ने बौद्ध दर्शन के प्रचार के लिये काव्य ग्रन्थों की रचना की है ?
(A) अश्वघोष (B) कालिदास (C) हरिचन्द्र (D) भारवि

**77.** निम्न में से गीति काव्य है :
(A) शिशुपालवध (B) मेघदूत (C) किरातार्जुनीयम् (D) कादम्बरी

**78.** मेघदूत में वर्णित है
(A) द्वारिकापुरी (B) अल्कापुरी (C) शिवपुरी (D) जनकपुरी

**79.** 'व्रजन्ति ते मूढ़धियः पराभवं भवन्ति मायाविषु ये न मायिनः' किराताजुनीयम् ये किसका कथन है ?
(A) युधिष्ठिर (B) भीम (C) अर्जुन (D) द्रौपदी

**80.** 'यजुर्वेद' से किस नाटकीय तत्त्व को ग्रहण किया गया है ?
(A) पाठ्य (B) अभिनय (C) संगीत (D) रस

**81.** भास के त्रयोदश नाटकों के खोजकर्त्ता हैं
(A) डॉ. कर्ण सिंह (B) टी. गणपतिशास्त्री (C) राजशेखर (D) इनमें से कोई नहीं

**82.** भास के नाटक किस राज्य में मिले थे ?
(A) कर्नाटक (B) केरल (C) आंध्र प्रदेश (D) तमिलनाडु

**83.** 'गीतगोविन्द' के प्रणेता हैं
(A) जयदेव (B) कालिदास (C) मुरारि (D) अनंगहर्ष

**84.** 'कर्पूरमंजरी' है
(A) नाटक (B) प्रकरण (C) नाटिका (D) सट्टक



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

85. शकुन्तला के विपरीत भाग्य को शान्त करने के लिये महर्षि कण्व कहाँ जाते हैं ?
(A) काशीतीर्थ (B) प्रयागतीर्थ (C) कांचीतीर्थ (D) सोमतीर्थ

86. 'या स्रष्टुः सृष्टिराद्या' में विधाता की आद्या सृष्टि क्या है ?
(A) अग्नि (B) संसार (C) वायु (D) जल

87. 'इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी' किसके विषय में कहा गया है ?
(A) प्रियंवदा (B) शकुन्तला (C) अनुसूया (D) गौतमी

88. दुष्यन्त के पुत्र का प्रथम नाम क्या था ?
(A) दौष्यन्ति (B) सर्वदमन (C) भरत (D) गौतम

89. 'मिट्टी की गाड़ी' शीर्षक से किस रूपक की रचना की गयी है ?
(A) चारुदत्तम् (B) मृच्छकटिकम् (C) प्रतिमा (D) अनर्घराघवम्:

90. 'स्वप्नवासवदत्तम्' में स्वप्न दर्शन की घटना किस अंक में घटित होती है ?
(A) द्वितीय (B) तृतीय (C) चतुर्थ (D) पंचम्

91. 'चित्रदर्शन' अंक किस नाटक से सम्बद्ध है ?
(A) अभिज्ञानशकुन्तलम् (B) मुद्राराक्षसम्
(C) उत्तररामचरितम् (D) स्वप्नवासवदत्तम्

92. 'वेणीसंहार' नाटक के प्रणेता कौन हैं ?
(A) विशाखादत्त (B) श्रीहर्ष (C) अश्वघोष (D) भट्टनारायण

93. निम्न में से नायिका रहित नाटक है :
(A) मृच्छकटिकम् (B) मुद्राराक्षस (C) महावीरचरितम् (D) विक्रमोर्वशीयम्

94. 'महाश्वेता' नामक पात्र का चित्रण किस ग्रन्थ में मिलता है ?
(A) दशकुमारचरितम् (B) कादम्बरी (C) हर्षचरितम् (D) बुद्धचरितम्:

95. 'शुकनासोपदेश' में वर्णित चार अनर्थों में किसकी गणना नहीं होती है ?
(A) गर्भेश्वरत्व (B) पटुत्व (C) अभिनवयौवनत्व (D) अप्रतिमरुपत्व

96. 'शुकनासोपदेश' के अनुसार अजल-स्नान क्या है ?
(A) गुरुपदेश (B) हितोपदेश (C) गीतोपदेश (D) इनमें से कोई नहीं

97. 'कथासरित्सागर' के लेखक कौन हैं ?
(A) कल्हण (B) गुणाढ्य (C) बुद्धस्वामी (D) सोमदेव

98. 'लब्ध-प्रणाश' का सम्बन्ध है
(A) हितोपदेश (B) शुकनासोपदेश (C) पंचतंत्र् (D) अपरीक्षितकारक

99. आचार्य विश्वनाथ ने किसके काव्य लक्षण का खण्डन किया है ?
(A) भामह (B) दण्डी (C) भरत (D) मम्मट

100. 'काव्यप्रकाश' के अनुसार 'नियतिकृतनियमरहिता' है
(A) ईशसृष्टि (B) कविसृष्टि (C) सांख्यसृष्टि (D) वेदान्तसृष्टि

101. 'कवित्वबीजरूपः संस्कारविशेषः' किसे कहा गया है ?
(A) प्रतिभा (B) निपुणता (C) अभ्यास (D) शक्ति



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

102. 'गंगायाम् घोषः' में शीतत्व और पावनत्व का बोध कराने वाली शब्द–शक्ति है ?
(A) तात्पर्या वृत्ति (B) अभिधा (C) लक्षणा (D) व्यंजना

103. 'अजहत्स्वार्था' निम्न में से किसे कहते हैं ?
(A) प्रयोजनवती लक्षणा (B) उपादान लक्षणा
(C) लक्षण लक्षणा (D) शुद्धा लक्षणा

104. 'आयुर्घृतम्' किस शब्द–शक्ति का द्योतक है ?
(A) शुद्धा सारोपा लक्षणा (B) गौणी सारोपा लक्षणा
(C) लक्षण लक्षणा (D) उपादान लक्षणा

105. उपमान–उपमेय एवं उनके साधारण धर्मों का बिम्ब–प्रतिबिम्ब भाव से वर्णन करना कहलाता है
(A) दृष्टान्त अलंकार (B) रूपकालंकार (C) व्यतिरेक अलंकार (D) उत्प्रेक्षा अलंकार

106. उपमेय का निषेध करके उपमान की स्थापना को कहते हैं
(A) प्रतिवस्तूपमा अलंकार (B) अपह्नुति अलंकार
(C) विशेषोक्ति अलंकार (D) विभावना अलंकार

107. 'यदि तौ जगौ गः' किस छन्द का लक्षण है ?
(A) वसन्ततिलका (B) इन्द्रवज्रा (C) उपेन्द्रवज्रा (D) प्रहर्षिणी

108. 'आदिगुरु' होता है
(A) मगण (B) नगण (C) भगण (D) यगण

109. 'वीभत्स' रस का स्थायी भाव क्या है ?
(A) विस्मय (B) जुगुप्सा (C) भयानक (D) शोक

110. 'प्रकरी' क्या है ?
(A) अवस्था (B) सन्धि (C) रीति (D) अर्थप्रकृति

111. नाटक के अन्त में राष्ट्रकल्याण की कामना से प्रयुक्त किया जाने वाला पद्य कहलाता है
(A) नान्दी (B) भरतवाक्य (C) विष्कम्भक (D) प्रवेशक

112. कुण्डली में पंचमभाव का सम्बन्ध होता है
(A) द्रव्य (B) पराक्रम (C) लाभ (D) पुत्र

113. कुण्डली में त्रिकोण संज्ञक स्थान होता है
(A) प्रथम् (B) चतुर्थ् (C) सप्तम् (D) नवम्

114. निम्न में से ईशान दिशा का स्वामी है :
(A) बृहस्पति (B) मंगल (C) शुक्र (D) बुध

115. 'चतुर्युगी' में कितने दिव्य वर्ष होते हैं ?
(A) बारह हजार (B) दस हजार
(C) चार लाख बत्तीस हजार (D) पन्द्रह हजार

116. वेदाध्ययन की समाप्ति पर छात्र की घर वापसी के अवसर पर किया जाने वाला संस्कार है
(A) विवाह संस्कार (B) समावर्तन संस्कार (C) उपनयन संस्कार (D) निष्क्रमण संस्कार

117. छल से अपहृत कन्या से किया जाने वाला विवाह कहलाता है
(A) राक्षस विवाह (B) असुर विवाह (C) पैशाच विवाह (D) आर्ष विवाह


Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**118.** 'श्रीमद्भगवद्गीता' का कौन सा अध्याय कर्मयोग कहलाता है ?
(A) द्वितीय (B) तृतीय (C) चतुर्थ (D) पंचम्

**119.** 'योगक्षेमं वहाम्यहम्' निम्न में से किसका ध्येय वाक्य है ?
(A) भारतीय जीवन बीमा निगम (B) भारतीय रेलवे
(C) भारतीय वायु सेना (D) भारतीय राज्य सभा

**120.** गायत्री मंत्र का सम्बन्ध किस देवता से है ?
(A) इन्द्र (B) अग्नि (C) वरुण (D) सविता

**121.** Percentage of Scheduled Tribe population of H.P. to its total population as per Census 2011 is
जनगणना 2011 के अनुसार हि.प्र. की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत है
(A) 4.02% (B) 5.71% (C) 6.63% (D) 7.61%

**122.** First Chief Secretary of H.P. was
(A) K.L. Mehta (B) N.C. Mehta (C) E.P. Moon (D) M.R. Thakur
हि.प्र. के प्रथम मुख्य सचिव थे
(A) के.एल. मेहता (B) एन.सी. मेहता (C) ई.पी.मून (D) एम.आर. ठाकुर

**123.** Longest bridge of H.P. is
(A) Yamuna bridge, Paonta Sahib (B) Kandror bridge, Bilaspur
(C) Kharamukh bridge, Bharmour (D) Nadaun bridge, Nadaun
हि.प्र. का सबसे लम्बा पुल है
(A) यमुना पुल, पौण्टा साहिब (B) कन्दरोर पुल, बिलासपुर
(C) खारामुख पुल, भारमौर (D) नादौन पुल, नादौन

**124.** Rangchi Galu mountain pass is located in which district of H.P. ?
(A) Lahaul-Spiti (B) Kinnaur (C) Kullu (D) Chamba
रांगची गालू पर्वत दर्रा हि.प्र. के किस जिले में स्थित है ?
(A) लाहौल–स्पीति (B) किन्नौर (C) कुल्लू (D) चम्बा

**125.** Which valley of H.P. has the distinction of having the highest village in the world ?
(A) Spiti Valley (B) Lingti Valley (C) Pin Valley (D) Mulang Valley
हि.प्र. की किस घाटी में विश्व में सबसे ऊँचा गाँव होने की विशिष्टता है ?
(A) स्पीति घाटी (B) लींगती घाटी (C) पिन घाटी (D) मूलंग घाटी

**126.** Taragiri glacier is located in which district of H.P. ?
(A) Shimla (B) Kinnaur (C) Mandi (D) Lahaul-Spiti
तारागिरी हिमनद हि.प्र. के किस जिले में स्थित है ?
(A) शिमला (B) किन्नौर (C) मण्डी (D) लाहौल–स्पीति

**127.** The capital of Bhajji Dominion was located at which place in H.P. ?
(A) Sunni (B) Naggar (C) Haripur (D) Junga
भज्जी शासन की राजधानी हि.प्र. में किस स्थान पर स्थित थी ?
(A) सुन्नी (B) नगगर (C) हरीपुर (D) जुंगा



Snowstudy Himachal
https://snowstudy.in

**128.** The last ruler of Kutlehar princely state was
(A) Brij Mohan Pal (B) Narinder Chand
(C) Umed Singh (D) Kishan Chand
कुटलैहर राजसी राज्य का अन्तिम शासक था
(A) ब्रिजमोहन पाल (B) नरीन्दर चन्द (C) उमेद सिंह (D) किशन चन्द

**129.** Ghondla Castle, a famous historical palace, is located at which place in H.P. ?
(A) Keylong (B) Chaupal (C) Sangla (D) Manali
घोन्दला महल, एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक महल, हि.प्र. के किस स्थान पर स्थित है ?
(A) केलाँग (B) चौपाल (C) सांगला (D) मनाली

**130.** Which of the following plundered the Jwalamukhi temple in 1365 A.D. ?
(A) Mehmood Ghaznavi (B) Mohammad Gauri
(C) Firoz Shah Tughlaq (D) None of these
निम्न में से किसने 1365 ई. में ज्वालामुखी मन्दिर को लूटा ?
(A) महमूद गजनवी (B) मोहम्मद गौरी
(C) फिरोजशाह तुगलक (D) इनमें से कोई नहीं

**131.** Which is the executing agency of Chamera-III hydroelectric project ?
चमेरा–III जलविद्युत परियोजना की कार्यकारी इकाई कौन सी है ?
(A) NHPC (B) NTPC (C) SJVNL (D) HPSEB

**132.** Central University of Himachal Pradesh has been established in which year ?
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना किस वर्ष में हुई ?
(A) 2005 (B) 2007 (C) 2009 (D) 2011

**133.** How much distance will be curtailed between Manali and Leh after the completion of Rohtang tunnel project ?
रोहतांग सुरंग परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात् मनाली और लेह के बीच कितनी दूरी कम हो जायेगी ?
(A) 48 km. (B) 72 km. (C) 96 km. (D) 120 km.

**134.** Which of the following is a martial dance performed by men in H.P. ?
(A) Kharait (B) Ujagjama
(C) Chadhgebrikar (D) All of these
निम्न में से कौन सा हि.प्र. में पुरुषों द्वारा किया जाने वाला मार्शल नृत्य है ?
(A) खरैत (B) उजगजामा (C) चधगेब्रिकर (D) यह सभी

**135.** Purag fair is celebrated at which place in H.P. ?
(A) Kotkhai (B) Arki (C) Nirmand (D) Rewalsar
पुराग मेला हि.प्र. में किस स्थान पर मनाया जाता है ?
(A) कोटखई (B) अर्की (C) निरमण्ड (D) रिवाल्सर

**136.** YTOJ : XSNI : : WRMH : ?
(A) VQLG (B) TOJE (C) RMHC (D) UPKF

**137.** If in a certain code language, 'EAT' is written as '318' and 'CHAIR' is written as '24156', then how 'TEACHER' be written in that code language ?
यदि किसी निश्चित कूट भाषा में 'EAT' को '318' लिखा जाता है और 'CHAIR' को '24156' लिखा जाता है, तो उस कूट भाषा में 'TEACHER' को कैसे लिखा जाएगा ?
(A) 8313426 (B) 8312436 (C) 8321436 (D) 8312346


https://snowstudy.in

**138.** Aman is 16th from the left end in a row of boys and Vivek is 18th from the right end. Gagan is 11th from Aman towards the right and 3rd from Vivek towards the right end. How many boys are there in the row ?
लड़कों की एक पंक्ति में अमन बायें से 16वाँ और विवेक दायें से 18 वाँ है । गगन, अमन से दायीं ओर 11 वाँ और विवेक से दायीं ओर तीसरा है । पंक्ति में कितने लड़के हैं ?
(A) 40 (B) 42 (C) 48 (D) 41

**139.** If '+' means '–', '–' means '×', '÷' means '+' and '×' means '÷', then
$10 \times 5 \div 3 - 2 + 3 = ?$
यदि '+' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '×', '÷' का अर्थ '+' और '×' का अर्थ '÷', तो
$10 \times 5 \div 3 - 2 + 3 = ?$
(A) 5 (B) $\frac{53}{3}$ (C) 21 (D) 36

**140.** From his house, Deepak went 25 km to North. Then, he turned West and covered 15 km. Then, turned South and covered 10 km. Finally, turning to East, he covered 15 km. In which direction is he from his house ?
(A) North (B) South (C) West (D) East
अपने घर से दीपक उत्तर की ओर 25 km जाता है । फिर वह पश्चिम की ओर मुड़ता है और 15 km चलता है । फिर वह दक्षिण की ओर मुड़ता है और 10 km चलता है । अन्त में पूर्व की ओर मुड़कर 15 km चलता है । वह अपने घर से किस दिशा में है ?
(A) उत्तर (B) दक्षिण (C) पश्चिम (D) पूर्व

**141.** Which Indian-origin Nurse has recently conferred with the Singapore President's Award for COVID-19 services ?
(A) Kala Narayanasamy (B) Bhasha Mukherjee
(C) Ankit Bharat (D) Uma Madhusudan
किस भारतीय मूल की नर्स को हाल ही में कोविड-19 सेवाओं के लिए सिंगापुर प्रेसिडेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है ?
(A) कला नारायणासामी (B) भाषा मुखर्जी
(C) अंकित भरत (D) उमा मधुसूदन

**142.** Which organisation recently launched the alliance named 'Yuwaah India' in India ?
(A) World Bank (B) UNICEF (C) UNESCO (D) IMF
किस संगठन ने हाल ही में भारत में 'युवा इण्डिया' नामक सहयोग स्थापित किया ?
(A) विश्व बैंक (B) यूनिसेफ (C) यूनेस्को (D) IMF

**143.** John Lewis, who passed away recently, was associated with the Civil Rights Movement of which country ?
(A) USA (B) UK (C) France (D) Germany
जॉन लेविस, जिनका हाल ही में निधन हुआ, किस देश के नागरिक अधिकार आन्दोलन से सम्बन्धित थे ?
(A) यू.एस.ए. (B) यू.के. (C) फ्रांस (D) जर्मनी



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**144.** Which Payment Application Company has recently launched India's first numberless card of the country ?
किस पेमेन्ट एप्लीकेशन कम्पनी ने हाल ही में भारत का सर्वप्रथम नम्बरलेस कार्ड प्रारम्भ किया है ?
(A) Payzapp (B) Fampay (C) Freecharge (D) PayTm

**145.** Who has recently been appointed as the Chairperson of the Hindu group after N. Ram ?
(A) Neha Dixit (B) Ravish Kumar
(C) Siddharth Varadarajan (D) Malini Parthasarathy
एन. राम के पश्चात् हाल ही में किसे हिन्दू ग्रुप का चैयरपर्सन नियुक्त किया गया है ?
(A) नेहा दीक्षित (B) रविश कुमार
(C) सिद्धार्थ वरदराजन (D) मालिनी पार्थसारथी

**146.** The greatest ruler of Satavahana dynasty was
(A) Simuka (B) Gautamiputra Satakarni
(C) Simhavishnu (D) Bhillana
सातवाहन राजवंश का महानतम शासक था
(A) सिमुक (B) गौतमीपुत्र सातकर्णी
(C) सिंहविष्णु (D) बिल्हण

Snow Study Himachal

**147.** Which Delhi Sultan built the city of Tughlaqabad ?
(A) Ghiyas-ud-din Tughlaq (B) Muhammad-bin-Tughlaq
(C) Firoz Shah Tughlaq (D) None of these
किस दिल्ली सुलतान ने तुगलकाबाद शहर का निर्माण किया ?
(A) गियासुद्दीन तुगलक (B) मुहम्मद बिन तुगलक
(C) फिरोजशाह तुगलक (D) इनमें से कोई नहीं

**148.** Which was not among the nine jewels of Akbar's court ?
(A) Tansen (B) Todarmal
(C) Amir Khusro (D) Faqir Azio Din
निम्न में से कौन अकबर के दरबार के नौ रत्नों में नहीं थे ?
(A) तानसेन (B) टोडरमल
(C) अमीर खुसरो (D) फकीर अजिओ दीन

**149.** The High Courts at Calcutta, Bombay and Madras were established in 1865 during the Vice royalty of
(A) Lord Canning (B) Lord Elgin
(C) Lord John Lawrence (D) Lord Mayo
किस वायसराय के काल के दौरान 1865 में कलकत्ता, बॉम्बे और मद्रास उच्च न्यायालयों की स्थापना की गई ?
(A) लॉर्ड कैंनिंग (B) लॉर्ड एल्गिन (C) लॉर्ड जॉन लॉरेंस (D) लॉर्ड मेयो

**150.** Home Rule Movement was started by the Bal Gangadhar Tilak in which year ?
बाल गंगाधर तिलक द्वारा होम रूल आन्दोलन किस वर्ष में प्रारम्भ किया गया था ?
(A) 1903 (B) 1909 (C) 1912 (D) 1916



https://snowstudy.in

**151.** Which is the densest planet ?
(A) Uranus (B) Saturn (C) Earth (D) Jupiter
कौन सा सघनतम ग्रह है ?
(A) यूरेनस (B) शनि (C) पृथ्वी (D) बृहस्पति

**152.** Which is called as the primary rocks ?
(A) Igneous rocks (B) Sedimentary rocks
(C) Metamorphic rocks (D) None of these
कौन सी प्राथमिक चट्टान कहलाती है ?
(A) आग्नेय चट्टान (B) अवसादी चट्टान
(C) कायान्तरित चट्टान (D) इनमें से कोई नहीं

**153.** Which is the lowest atmospheric layer ?
(A) Stratosphere (B) Mesosphere (C) Ionosphere (D) Troposphere
निम्न में से कौन सी सबसे निचली वायुमण्डलीय परत है ?
(A) समतापमण्डल (B) मध्यमण्डल (C) आयनमण्डल (D) क्षोभमण्डल

**154.** Which is the highest peak of Tamil Nadu ?
(A) Saramati (B) Khayang (C) Anaimudi (D) Dodda Betta
कौन सी तमिलनाडु की सबसे ऊँची चोटी है ?
(A) सारामती (B) खयांग (C) अनाईमुडी (D) डोडा बेट्टा

**155.** Haldia oil refinery is located in which Indian State ?
(A) Gujarat (B) Haryana (C) West Bengal (D) Uttar Pradesh
हल्दिया ऑयल रिफाइनरी किस भारतीय राज्य में स्थित है ?
(A) गुजरात (B) हरियाणा (C) पश्चिम बंगाल (D) उत्तर प्रदेश

**156.** Which part of Indian Constitution deals with Scheduled and Tribal areas ?
(A) Part-X (B) Part-XII (C) Part-XIV (D) Part-XV
भारतीय संविधान का कौन सा भाग अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्रों से सम्बन्धित है ?
(A) भाग-X (B) भाग-XII (C) भाग-XIV (D) भाग-XV

**157.** Which is not a Constitutional Body ?
(A) Finance Commission (B) Election Commission
(C) UPSC (D) NITI Aayog
कौन सा एक संवैधानिक निकाय नहीं है ?
(A) वित्त आयोग (B) चुनाव आयोग (C) UPSC (D) NITI आयोग

**158.** Which is the upper house of the Parliament ?
(A) Vidhan Sabha (B) Lok Sabha (C) Rajya Sabha (D) None of these
संसद का ऊपरी सदन कौन सा है ?
(A) विधान सभा (B) लोक सभा (C) राज्य सभा (D) इनमें से कोई नहीं

**159.** Which eye defect can be removed by using bifocal lenses ?
(A) Presbyopia (B) Astigmatism
(C) Hypermetropia (D) Myopia
कौन सा नैत्र दोष द्वि–फोकसी लेन्स का प्रयोग करके दूर किया जा सकता है ?
(A) दूरदृष्टि दोष (B) दृष्टिवैषम्य (C) दीर्घदृष्टि दोष (D) निकटदृष्टिता



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**160.** German Silver is an alloy of

(A) Tin, Antimony and Copper (B) Iron & Aluminium

(C) Lead, Antimony and Tin (D) Copper, Zinc & Nickel

जर्मन सिल्वर किसकी मिश्रधातु है ?

(A) टीन, एन्टीमनी और कॉपर (B) आयरन और एल्युमिनियम

(C) लैड, एन्टीमनी और टीन (D) कॉपर, जिंक और निकल

**161.** Which is the largest organ of human body ?

(A) Pancreas (B) Liver (C) Lungs (D) Heart

मानव शरीर का सबसे बड़ा अंग कौन सा है ?

(A) अग्न्याशय (B) यकृत (C) फेफड़े (D) हृदय

**162.** Which is an example of indirect tax ?

(A) Corporation Tax (B) Stamp Duty

(C) Entertainment Tax (D) None of these

कौन सा एक अप्रत्यक्ष कर का उदाहरण है ?

(A) निगम कर (B) स्टाम्प शुल्क (C) मनोरंजन कर (D) इनमें से कोई नहीं

**163.** Antonym of 'Accomplice' is

(A) Friend (B) Accessory (C) Escort (D) Opponent

**164.** One word substitution for 'A person who sneaks into a country' is

(A) Infiltrator (B) Sniper (C) Invader (D) Aggressor

**165.** I am feeling _________ better today.

(A) rather (B) too (C) fairly (D) very

**166.** Meaning of the idiom 'To give up the ghost' is

(A) To die

(B) To make false appearance

(C) To terrify others by acting in suspicious manner

(D) To leave useless pursuits

**167.** 'जलज' कौन सा शब्द है ?

(A) रूढ़ि (B) यौगिक (C) योगरूढ़ि (D) इनमें से कोई नहीं

**168.** 'प्रातःकाल' में उपसर्ग है

(A) प्रा (B) प्राता (C) प्रातर (D) आल

**169.** 'खाल खींच कर भूसा भरना' मुहावरे का अर्थ है

(A) बहुत मारना (B) व्यर्थ प्रलाप कर तंग करना

(C) जान लेने पर तुला होना (D) पुरानी बातें याद दिलाना

**170.** 'प्रमुख' का विलोम शब्द है

(A) सापेक्ष (B) गौण (C) लघुत्तम (D) अमान्य

Snow Study Himachal



https://snowstudy.in

**Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान**

Snow Study Himachal



https://snowstudy.in